भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2033
दिनांक 30 जुलाई, 2026

घरेलू एलपीजी की कीमतें

†2033. **श्री राजीव रायः**
क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने हाल ही में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में लगभग एक सौ तिरासी रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की है तथा घरेलू एलपीजी रिफिल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें पश्चिम एशिया में हुए हाल के भू-राजनीतिक संघर्ष से पहले के स्तर तक गिर गई हैं;
(ग) यदि हां, तो विगत दो वर्षों के दौरान भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए कच्चे तेल की तिमाही-वार कीमतों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार का अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में आई कमी के दृष्टिगत घरेलू एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): देश में एलपीजी के मूल्य सऊदी सीपी से जुड़े हुए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी के मूल्यों के लिए बेंचमार्क है। सरकार केवल घरेलू एलपीजी हेतु उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य की समीक्षा और संशोधन करती रहती है।

पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत के साथ, अप्रैल और मई 2026 में औसत सऊदी सीपी (एलपीजी मूल्य निर्धारण के लिए अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क) बढ़कर 780 अमेरिकी डॉलर/एमटी हुआ। जून 2026 में, क्योंकि सऊदी सीपी और बढ़कर 796 अमेरिकी डॉलर/एमटी (प्रीमियम को छोड़कर) हुआ, इसलिए 14.2 किलोग्राम घरेलू एलपीजी सिलेंडर का बाजार निर्धारित मूल्य (एमडीपी) 1,695 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर हो गया।

घरेलू एलपीजी का खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) 942 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर बरकरार रखा गया है। इस मूल्य पर, जून 2026 में 700 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर से अधिक की संबंधित अल्प-वसूली की सापेक्ष जुलाई 2026 में 500 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर अंतर्निहित राजसहायता (अल्प-वसूली) है। 10.5 करोड़ से अधिक पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 300 रुपए प्रति सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के बाद 500 रुपए प्रति सिलेंडर से अधिक की अंतर्निहित राजसहायता के अलावा प्रभावी मूल्य केवल 642 रुपए प्रति सिलेंडर (दिल्ली) है।

दूसरी ओर, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (पीएसयू ओएमसीज) और निजी क्षेत्र की एलपीजी विपणन कंपनियां प्रचलित अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्यों और बाजार की स्थितियों के आधार पर वाणिज्यिक एलपीजी के मूल्यों को निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं। तदनुसार, 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के खुदरा बिक्री मूल्य को बिना किसी सरकारी हस्तक्षेप के, ओएमसीज द्वारा मासिक आधार पर संशोधित और घोषित किया जाता है। 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) जुलाई 2026 में तेल विपणन कंपनियों द्वारा जून 2026 में संशोधित कर 2,930.00 रुपए कर दिया गया था।

संकट से पहले फरवरी 2026 में कच्चे तेल के मूल्य भी 69 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था और मूल्य (23 जुलाई 2026 को 103.33 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) आगे भी बढ़त बनाए हुए हैं। अप्रैल 2024 से आयातित कच्चे तेल और उसके मूल्य का तिमाही-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

'घरेलू एलपीजी की कीमतें' के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को श्री राजीव राय द्वारा पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2033 के उत्तर में उल्लिखितअनुलग्नक।

वर्ष 2024-25 से कच्चे तेल का आयात मूल्य

वित्त वर्ष	तिमाही	मात्रा (टीएमटी)	अमेरिकी डॉलर मिलियन में
2024-25	तिमाही1	62,285.00	37,561.40
	तिमाही2	58,371.70	33,605.30
	तिमाही3	59,079.90	31,315.30
	तिमाही4	63,488.40	34,692.00
2024-25 कुल		**2,43,225.00**	**1,37,174.00**
2025-26 (पी)	तिमाही1	62,628.50	30,852.30
	तिमाही2	58,699.90	29,903.70
	तिमाही3	63,829.20	30,106.30
	तिमाही4	60,611.00	32,517.00
2025-26 कुल		**2,45,768.70**	**1,23,379.30**
2026-27 (पी)	तिमाही1	60,481.40	49,662.40
2026-27 कुल		**60,481.40**	**49,662.40**

स्रोत: पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) (पी): अनंतिम